राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

अनुप्रिया पटेल
**ANUPRIYA PATEL**

सत्यमेव जयते

राज्य मंत्री
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
व रसायन एवं उर्वरक
भारत सरकार

MINISTER OF STATE
HEALTH & FAMILY WELFARE
AND CHEMICALS & FERTILISERS
GOVERNMENT OF INDIA

## संदेश



हिंदी दिवस राजभाषा के प्रति हमारे सम्मान, गौरव और कर्तव्यबोध को अभिव्यक्त करने का अवसर है। हिंदी ने भारत की विविध भाषायी एवं सांस्कृतिक परंपराओं के मध्य संवाद और समन्वय को सुदृढ़ करते हुए राष्ट्रीय एकता की भावना को सदैव पुष्ट किया है। इसकी सरलता, व्यापकता और आत्मीयता इसे जनसंचार की प्रभावी भाषा बनाती है। आज ज्ञान, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रशासन के क्षेत्र में भाषा की भूमिका निरंतर विस्तृत हो रही है। ऐसे समय में आवश्यक है कि हिंदी आधुनिक ज्ञान-विज्ञान की अभिव्यक्ति का समर्थ माध्यम बने और नई पीढ़ी इसके माध्यम से समकालीन ज्ञान से सहज रूप से जुड़ सके। साथ ही, हिंदी का प्रयोग भारतीय भाषाओं के परस्पर सम्मान और समन्वय के साथ आगे बढ़े।

इस शुभ अवसर पर हम हिंदी के प्रति अपनी निष्ठा को व्यवहार में रूपांतरित करने, सरकारी कामकाज में सरल और आम बोलचाल की हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने तथा इसकी समृद्ध परंपरा को भावी पीढ़ी तक पहुँचाने का संकल्प लें।

आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

**(अनुप्रिया पटेल)**

**अगस्त 19, 2026**
**नई दिल्ली**

कमरा सं. 12026, द्वितीय तल, 'ए' विंग, कर्तव्य भवन 1, नई दिल्ली-110001, फोन : +91-11-24013239, 24013240
Room No. 12026, 2nd Floor, 'A' Wing, Kartavya Bhavan 1, New Delhi-110001, Tele : +91-11-24013239, 24013240
E-mail: mosap-mohfw@gov.in